**Regarding need to set up `Safal` Store for sale and storage of green peas in Jabalpur Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh-Laid**

श्री आशीष दुबे **(**जबलपुर**) :** जबलपुर संसदीय क्षेत्र में कृषि आधारित जीवन जीने वाले किसान भाई-बहन अपने कठिन परिश्रम से खाद्यानों का उत्पादन करते हैं, जैसे मक्का, मटर आदि सभी प्रकार के अनाज एवं सब्जियों सहित दालों आदि कृषि उत्पादों की पैदावार करते हैं। किन्तु इन्हें बाजार न मिल पाने के कारण हमारे कृषक भाइयों को समुचित दाम नहीं मिल पाते । समय पर बिक्री न हो पाने के कारण, भण्डारण के अभाव में अधिकांशत: सब्जी उत्पाद ख़राब हो जाती हैं, जिससे कारण किसानों को बहुत ही कष्टकारी परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है । मेरा केंद्र सरकार से आग्रह है कि जबलपुर में मटर की खरीदी हेतु ?सफल? का क्रय केंद्र एवं भण्डारण केंद्र स्थापित किया जाये । जिससे कि जबलपुर में बड़े पैमाने पर मटर उत्पादन करने वाले किसानों को उनकी फसलों का उचित मूल्य मिल सके एवं सम्पूर्ण देश में जबलपुर की मटर निर्बाध रूप से पहुँचाया जा सके ।